GANGA®
Acrowools
KNITTING YARN

CRYPTO

नाप	लम्बाई– 25 इंच
सामग्री	गंगा की क्रिप्टो ऊन
शेड न0	PIT1917
क्रोशिया न0	8(4mm) - 4(Medium) व सिलने वाली सुई
कुल ऊन	250 ग्राम

पोंचो बनाने की विधी– 90 की चेन बनाकर प्रिंटेड ऊन से चेन में ट्रे. भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। दूसरी पंक्ति में आगे और पीछे वाले साइड बीच में 2–2 की चेन का डिज़ाइन शुरू करें। 2–2 की चेन में ट्रे. को बढ़ाते हुए पंक्ति को पूरा करें। V शेप में पंक्तियों को बनाते हुए ट्रे. को बढ़ाते जाएं। इस प्रकार ट्रे. को बढ़ाते हुए 23 पंक्तियां बनाकर 25 इंच का पोंचो तैयार करके घेरे के लिए झालर का डिज़ाइन शुरू करें। 11 चेन, 1 छोटा ट्रे., 11 चेन, इस प्रकार 2 पंक्तियां बनाकर तीसरी पंक्ति में 11 की चेन में ट्रे. भरकर पोंचो की झालर तैयार कर लें। इस प्रकार आपका पोंचो तैयार हो जाएगा।

लैग वार्मर बनाने की विधी– 90 की चेन बनाकर प्रिंटेड ऊन से चेन में ट्रे. भरकर 4 पंक्तियां बनाकर 5 वीं पंकित में 1 ट्रे., 2 चेन, 1 ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। 6वीं, 7वीं पंक्ति में प्लेन ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। 8वीं पंक्ति में फिर से 1 ट्रे., 2 चेन से पंक्ति को पूरा करें। इस प्रकार डिज़ाइन को बुनते हुए 14 पंक्तियों के बाद ट्रे. को बढ़ाते हुए 32 पंक्तियां तक 56 ट्रे. करके 1 लैग वार्मर तैयार करके लैग वार्मर को सिलकर 1 लैग वार्मर तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड की भी लैग वार्मर तैयार कर लें। इस प्रकार आपके दोनों लैग वार्मर तैयार हो जाएंगे।

हैंड वार्मर बनाने की विधी– 5 की चेन बनाकर प्रिंटेड रंग की ऊन से चेन में ट्रे. भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। दूसरी पंक्ति में 3 की चेन, 1 छोटा ट्रे., 3 की चेन से पंक्ति को पूरा करें। चौथी पंक्ति में चेन में ट्रे. भर लें। 5वीं पंक्ति में 1 ट्रे., 5 की चेन, 1 ट्रे. से पंक्ति को पूरा करें। 6वीं पंक्ति में ट्रे. को भर लें। इसी प्रकार डिज़ाइन को बनाते हुए 11 पंक्तियां बनाकर 1 ग्लव्स तैयार करके इसी प्रकार दूसरे साइड का भी ग्लव्स तैयार कर लें।

पर्स बनाने की विधी– 30 की चेन बनाकर चेन में ट्रे. भरकर पहली पंक्ति को पूरा करें। ट्रे. को बढ़ाते हुए 5 पंक्तियां बनाकर 6वीं पंक्ति में डिज़ाइन शुरू करें। 1 चेन से 4 बार धागा निकालकर ट्रे. बनाकर लें। इस प्रकार चेन में 4 बार ऊन निकालकर 1 ट्रे. बनाते हुए ट्रे. को बढ़ाते हुए U शेप में बैग को तैयार करते हुए 9 इंच तक लम्बाई 1 साइड का भाग तैयार करके इसी प्रकार दूसरी साइड भी तैयार करके बैग को सिलकर अब आप दोनों साइड के हैंडल तैयार करके बैग पर लगाकर बैग को तैयार कर लें।